Title: Need to permit heavy vehicles on 'Zuari Bridge' in Goa.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (पणजी) : माननीय अध्यक्ष जी, गोवा राज्य में मेरा संसदीय क्षेत्र एक पणजी और दूसरा मार्मागोआ आता है। दोनों को जोड़ने के लिए जुआरी ब्रिज है जो नैशनल हाइवे नंबर 17 पर स्थित है। पिछले दो सालों से करोड़ों रुपए खर्च कर के उसकी मरम्मत की जा रही थी। जब उसकी मरम्मत की जा रही थी तब जनता को आश्वस्त किया गया था कि मरम्मत के बाद उसे भारी वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा, लेकिन उस पुल की मरम्मत हुए एक वर्ष पूरा हो गया है, परन्तु उसे अभी तक जनता के लिए नहीं खोला गया है जिसके कारण लोगों को 50 किलोमीटर का चक्कर काटना पड़ रहा है। मेरी आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री महोदय से प्रार्थना है कि उस पुल को भारी वाहनों के गुजरने के लिए शीघ्र खोलें।